शैक्षिक सत्र–2026–27

विषय–इतिहास

(कक्षा–11)

कक्षा–11, इतिहास विषय का प्रश्नपत्र 100 अंकों का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णाक–33 अंक है।

| प्रश्नो के प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक | योग |
|---|---|---|---|
| बहुविकल्पीय प्रश्न | 10 | 1 | 10 |
| अतिलघु उत्तरीय प्रश्न | 5 | 2 | 10 |
| लघु उत्तरीय प्रश्न | 4 | 5 | 20 |
| दक्षता आधारित प्रश्न–I (अनुच्छेद आधारित) | 1 | 2+2+1=5 | 5 |
| दक्षता आधारित प्रश्न–II (चित्र आधारित) | 1 | 2+2+1=5 | 5 |
| दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | 3 | 10 | 30 |
| मानचित्र कौशल | 5 | 1+1=2 | 10 |
| ऐतिहासिक घटनाक्रम | 01 | 1 | 10 |
| | **प्रश्नों की संख्या–30** | | **योग–100** |

**विश्व इतिहास के मूल आधार–**

**अनुभाग–1: प्रारम्भिक समाज** **15 अंक**

1. **प्रारम्भिक शहर– लेखन कला और शहरी जीवन–**
   इराक तीसरी सहस्त्राब्दी ईसा पूर्व के विशेष सन्दर्भ में।
   (क) शहरों का विकास
   (ख) प्रारम्भिक शहरी समाज की प्रकृति
   परिचर्चा–लेखन कला के विकास पर।

**अनुभाग–2 : साम्राज्य** **25 अंक**

2. **तीन महाद्वीपों में फैला हुआ साम्राज्य**
   रोमन साम्राज्य, 27 ई0पू0 से 600 ई0 के सन्दर्भ में।
   (क) राजनीतिक विकास
   (ख) आर्थिक समृद्धि
   (ग) धार्मिक सांस्कृतिक आधार
   (घ) उत्तरजीविता
   परिचर्चा–दास प्रथा के विभिन्न आयाम।
3. **यायावर (खानाबदोश) साम्राज्य–**
   तेरहवीं से चौदहवीं शताब्दी के मंगोलों के विशेष संदर्भ में।
   (क) यायावरी (खानाबदोशी) की प्रकृति
   (ख) साम्राज्यों का निर्माण
   (ग) अन्य राज्यों से सम्बन्ध और विजयें
   परिचर्चा–यायावार (खानाबदोश) समाजों और राज्य निर्माण के सम्बन्ध।

**अनुभाग–3 : बदलती परम्परायें–** **25 अंक**

4. **तीन वर्ग (श्रेणी)**
   मुख्यतः पश्चिमी यूरोप, 13वीं से 16वीं शताब्दी के विशेष सन्दर्भ में।
   (क) सामन्ती समाज और अर्थव्यवस्था
   (ख) राज्यों का गठन
   (ग) चर्च और समाज
   (घ) सामन्तवाद के पतन पर इतिहासकारों के विचार।
5. **बदलती हुयी सांस्कृतिक परम्परायें–**
   14वीं से 17वीं शताब्दी के यूरोप के विशेष संदर्भ में–
   (क) साहित्य एवं कला में नये विचार एवं प्रतिमानों का उदय
   (ख) पूर्ववर्ती विचारों के साथ सहसम्बन्ध
   (ग) पश्चिम एशिया का योगदान
   परिचर्चा–यूरोपीय पुनर्जागरण के विचार की वैधता पर इतिहासकारों के दृष्टिकोण।

**अनुभाग–4: आधुनिकीकरण की ओर** **25 अंक**

6. **मूल निवासियों का विस्थापन**

उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया, 18वीं से 20वीं शताब्दी के विशेष संदर्भ में।

(क) उत्तरी अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में यूरोपीय उपनिवेश।

(ख) श्वेत उपनिवेशवादी समाजों का गठन (White Settler Socities)

(ग) स्थानीय निवासियों (मूल निवासियों) का विस्थापन एवं दमन।

परिचर्चा–यूरोपीय उपनिवेशवाद का मूल निवासियों पर प्रभाव' पर इतिहासकारों के दृष्टिकोण पर परिचर्चा।

7. **आधुनिकीकरण के रास्ते–**

पूर्वी एशिया 19वीं और 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध के विशेष संदर्भ में।

(क) जापान में सैन्यवाद और आर्थिक विकास।

(ख) चीन और साम्यवादी विकल्प।

(ग) आधुनिकीकरण पर इतिहासकारों के विचार–विमर्श

8. **मानचित्र कौशल–05 प्रश्न प्रत्येक 1+1=2 अंक** **10 अंक**

- 01 अंक सही उत्तर तथा 01 अंक सही स्थान हेतु निर्धारित है। दृष्टिबाधित छात्र–छात्राओं के लिये मानचित्र कार्य के स्थान पर 05 प्रश्न प्रत्येक 02 अंकों के रखे जायेंगे।
- पाठ्यपुस्तक में समावेशित अध्यायों में अन्तर्निहित मानचित्र आधारित प्रश्नों का अभ्यास।
- प्रत्येक अध्याय के अन्त में समावेशित काल रेखा एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक तिथियों पर आधारित प्रश्नों का अभ्यास।

**नोट– विद्यार्थियों में दक्षता आधारित कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रश्नपत्र में दक्षता आधारित प्रश्नों को सत्र 2026–27 से कक्षा–11 इतिहास विषय में लघु प्रश्न के अन्तर्गत स्रोत आधारित 02 प्रश्न (एक अनुच्छेद और एक चित्र आधारित प्रत्येक में 2+2+1 अंक के) सम्मिलित किये गये है।**

उपचारात्मक शिक्षण हेतु चार यूनिट टेस्ट निम्नलिखित है–

| | | |
|---|---|---|
| (i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) | जुलाई द्वितीय सप्ताह | 20 अंक |
| | (10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट) | |
| (ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) | अगस्त अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |
| (iii) तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित) | नवम्बर अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |
| (iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित) | दिसम्बर अन्तिम सप्ताह | 20 अंक |

**नोट–उपरोक्त यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर लिये जायेंगे। इनके प्राप्तांक परीक्षफल में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।**